| | |
|---|---|
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर<br>**Indian Institute of Technology Bhubaneswar** |

**Press Release**

# आईआईटी भुवनेश्वर में अत्याधुनिक स्विमिंग पूल का उद्घाटन

**भुवनेश्वर, 23 नवंबर 2025:** संस्थान के तैराकों को प्रोत्साहित करने और उन्हें अभ्यास करने की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर ने 22 फरवरी 2025 को अपने परिसर में बहुप्रतीक्षित, अत्याधुनिक स्विमिंग पूल खोला है। स्विमिंग पूल का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रोफेसर श्रीपद कर्मालकर ने श्री बामदेव आचार्य, रजिस्ट्रार; प्रोफेसर शरत कुमार पांडा, अध्यक्ष, बुनियादी ढांचा और डॉ. कोडंडाराम मंगीपुडी, अध्यक्ष-छात्र जिमखाना की उपस्थिति में किया।

उद्घाटन के उपलक्ष्य में, एक भव्य स्पलैश का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और परिसर के निवासियों ने 'डाइव-जंप-स्प्लैश' का आनंद लिया। निदेशक प्रो. कर्मलकर भी उनके साथ शामिल हुए और उनका उत्साहवर्धन किया।

उल्लेखनीय है कि आईआईटी भुवनेश्वर स्थित स्विमिंग पूल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बनाया गया है, जिसकी न्यूनतम गहराई 1.8 मीटर और अधिकतम गहराई 5 मीटर है। पूल की लंबाई 50 मीटर और चौड़ाई 25 मीटर है। संस्थान के तैराकों के सुरक्षित प्रशिक्षण और अभ्यास को सुनिश्चित करने के लिए एक पेशेवर तैराकी प्रशिक्षक और लाइफगार्ड तैनात हैं।

-----------------------